**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2152**

**उत्तर देने की तारीख 12 मार्च, 2025**

**बीएसएनएल में राजस्व वृद्धि**

**2152. श्री गोडम नागेश:**

**श्री भर्तृहरि महताब:**

**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**

**श्री प्रवीण पटेल:**

क्या संचार **मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार ने देश में और विशेषकर जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में, वर्ष 2007 के बाद पहली बार, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बीएसएनएल को लाभ में लाने में सहायता प्रदान करने के लिए कौन-कौन से विशिष्ट उपाय लागू किए हैं;

(ख) बीएसएनएल की मोबिलिटी सेवाओं, फाइबर-टू-द-होम (एफटीटीएच) और लीज्ड लाइन सेवाओं में राजस्व वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में और विशेषकर महाराष्ट्र में दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए बीएसएनएल के 4जी और 5जी नेटवर्क को लागू करने के संबंध में सरकार की क्या योजनाएं हैं;

(घ) बीएसएनएल के लिए ग्राहक संतुष्टि में सुधार लाने और अधिकतम दरों को कम करने के लिए क्या पहल की गई है; और

(ङ) देश के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों विशेषकर जलगांव सहित महाराष्ट्र में बीएसएनएल की नेटवर्क अवसंरचना और सेवा की गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) सरकार ने बीएसएनएल के पुनरुद्धार के लिए निम्नानुसार कई कदम उठाए हैं:

- वर्ष 2019 में लगभग 69 हजार करोड़ रुपये की राशि का पहला पुनरुद्धार पैकेज दिया गया था जिससे बीएसएनएल/एमटीएनएल की प्रचालन लागत में कमी आई।

- वर्ष 2022 में लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपये की राशि का पुनरुद्धार पैकेज दिया गया। इसमें नई पूंजी निवेश करने, ऋण पुनर्गठन, ग्रामीण टेलीफोनी के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण आदि पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- वर्ष 2023 में सरकार ने लगभग 89 हजार करोड़ रुपये की कुल परिव्यय के साथ बीएसएनएल को 4जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन को मंजूरी दी।
- इन पुनरुद्धार पैकेजों के अलावा दिनांक 07.02.2025 को 6,982 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजीगत व्यय सहायता के लिए मंत्रिमंडल नोट को मंजूरी दी गई।

इन पैकेजों के परिणामस्वरूप बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2020-21 से प्रचालनगत लाभ अर्जित करना आरंभ कर दिया है।

**(ख)** बीएसएनएल का मोबाइल राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के 1,304 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 1,502 करोड़ रुपये हो गया है। बीएसएनएल का एफटीटीएच राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के 634 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 745 करोड़ रुपये हो गया है। बीएसएनएल का लीज्ड लाइन्स/सर्किट राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के 858 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 978 करोड़ रुपये हो गया है।

**(ग) से (ङ)** आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप बीएसएनएल ने सम्पूर्ण भारत में परिनियोजन के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 4जी साइटों के लिए खरीद आदेश दिया है। 4जी उपकरणों की आपूर्ति सितंबर 2023 से शुरू हो गई है और दिनांक 05.03.2025 तक कुल 83,629 4जी साइटें संस्थापित की गई हैं और 74,123 साइटें ऑन-एयर हैं। उपकरण 5जी में अपग्रेड किए जाने योग्य है।

बीएसएनएल महाराष्ट्र सर्कल और जलगांव सहित ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में अपने नेटवर्क की अवसंरचना और सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए 4जी सेचुरेशन परियोजना को क्रियान्वित कर रहा है। 4जी सेचुरेशन परियोजना में, महाराष्ट्र सर्कल में कुल 2,700 4जी बीटीएस की योजना बनाई गई है जिसमें से 90 4जी बीटीएस जलगांव में योजनाबद्ध हैं।

इसके अलावा, चरण IX.2 परियोजना के तहत, महाराष्ट्र में कुल 8,903 साइटों में से जलगाँव में 334 साइटों को 4जी में अपग्रेड किया जाना है। महाराष्ट्र में 26 ब्रॉडबैंड नेटवर्क गेटवे (बीएनजी) उपलब्ध हैं जिसमें से 1 बीएनजी जलगाँव के लिए है।

*****